प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

28 सितंबर 2023

# भारत की अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति (आईआईपी), जून 2023

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने जून 2023 के अंत के भारत की अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति से संबंधित आंकड़े जारी किए [1]।

**जून 2023 के अंत में भारत के आईआईपी की मुख्य बातें:**

i) 2023-24 की पहली तिमाही के दौरान भारत पर अनिवासियों के निवल दावों में 12.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई तथा जून 2023 के अंत में यह 379.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

ii) तिमाही के दौरान अनिवासियों के निवल दावों में वृद्धि भारतीय निवासियों की विदेशी वित्तीय आस्तियों (यूएस $ 24.1 बिलियन) की तुलना में भारत में विदेशी स्वामित्व वाली वित्तीय आस्तियों (यूएस $ 36.2 बिलियन) में उच्चतर वृद्धि के कारण हुई (तालिका 1)।

iii) अप्रैल-जून 2023 के दौरान भारतीय निवासियों की विदेशी आस्तियों की वृद्धि में आरक्षित आस्तियों में वृद्धि (16.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर) का सबसे अधिक योगदान था, इसके बाद प्रत्यक्ष निवेश, ऋण और व्यापार ऋण का स्थान था।

iv) भारतीय निवासियों की विदेशी देयताओं में दो तिहाई वृद्धि आवक पोर्टफोलियो निवेश (15.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर) और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (8.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर) के कारण हुई।

v) जून 2023 के अंत में आरक्षित आस्तियां भारत की अंतरराष्ट्रीय वित्तीय आस्तियों की 64.2 प्रतिशत थी (तालिका 1 और 2)।

vi) अन्य मुद्राओं की तुलना में रुपये की विनिमय दर में घट-बढ़ ने देयताओं में परिवर्तन को प्रभावित किया, जब इसका मूल्यांकन अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में किया गया।

vii) भारत की अंतर्राष्ट्रीय आस्तियों और अंतर्राष्ट्रीय देयताओं का अनुपात जून 2023 में घटकर 70.9 प्रतिशत हो गया, जो एक तिमाही पहले 71.1 प्रतिशत और एक वर्ष पहले 71.5 प्रतिशत था।

viii) तिमाही के दौरान कुल बाह्य देयताओं में ऋण और गैर-ऋण देयताओं की हिस्सेदारी लगभग बराबर थी (तालिका 3)।

**(योगेश दयाल)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1011**

[1] भारत की तिमाही आईआईपी एक तिमाही के अंतराल पर प्रसारित की जाती है और मार्च 2023 के अंत के लिए पिछली तिमाही की आईआईपी 30 जून 2023 को भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर जारी की गई थी।

## Table 1: Overall International Investment Position of India

(US$ billion)

| Period | Jun-22 (PR) | Sep-22 (PR) | Dec-22 (PR) | Mar-23 (PR) | Jun-23 (P) |
|---|---|---|---|---|---|
| **Net IIP (A-B)** | **-355.2** | **-386.6** | **-373.3** | **-367.6** | **-379.7** |
| **A. Assets** | **891.6** | **846.9** | **875.7** | **902.7** | **926.8** |
| **1. Direct Investment** | **214.5** | **217.3** | **222.7** | **225.5** | **227.8** |
| 1.1 Equity and investment fund shares | 134.6 | 136.2 | 140.1 | 142.0 | 143.5 |
| 1.2 Debt instruments | 79.9 | 81.1 | 82.6 | 83.5 | 84.3 |
| **2. Portfolio Investment** | **10.6** | **11.0** | **10.9** | **11.0** | **11.3** |
| 2.1 Equity and investment fund shares | 8.1 | 6.3 | 8.6 | 5.0 | 8.7 |
| 2.2 Debt securities | 2.5 | 4.7 | 2.3 | 6.0 | 2.6 |
| **3. Other Investment** | **77.3** | **85.9** | **79.4** | **87.7** | **92.6** |
| 3.1 Trade Credits | 21.1 | 24.6 | 26.0 | 27.5 | 29.7 |
| 3.2 Loans | 6.5 | 8.1 | 8.6 | 10.7 | 14.5 |
| 3.3 Currency and Deposits | 30.2 | 33.5 | 27.1 | 30.5 | 30.6 |
| 3.4 Other Assets | 19.5 | 19.7 | 17.7 | 19.0 | 17.8 |
| **4. Reserve Assets** | **589.2** | **532.7** | **562.7** | **578.5** | **595.1** |
| **B. Liabilities** | **1,246.8** | **1,233.5** | **1,249.0** | **1,270.3** | **1,306.5** |
| **1. Direct Investment** | **517.3** | **510.2** | **510.8** | **523.4** | **532.3** |
| 1.1 Equity and investment fund shares | 489.6 | 482.0 | 482.1 | 493.9 | 501.4 |
| 1.2 Debt instruments | 27.7 | 28.2 | 28.7 | 29.5 | 30.9 |
| **2. Portfolio Investment** | **245.0** | **244.4** | **244.2** | **243.6** | **258.6** |
| 2.1 Equity and investment fund shares | 135.5 | 137.0 | 140.5 | 139.0 | 152.9 |
| 2.2 Debt securities | 109.5 | 107.4 | 103.7 | 104.6 | 105.7 |
| **3. Other Investment** | **484.5** | **478.9** | **494.0** | **503.3** | **515.6** |
| 3.1 Trade Credits | 122.8 | 123.2 | 124.6 | 124.3 | 119.3 |
| 3.2 Loans | 193.4 | 190.3 | 196.7 | 202.6 | 207.1 |
| 3.3 Currency and Deposits | 137.4 | 135.6 | 136.1 | 141.1 | 144.1 |
| 3.4 Other Assets | 30.9 | 29.8 | 36.6 | 35.3 | 45.1 |
| **Memo Item: Assets to Liability ratio (%)** | **71.5** | **68.7** | **70.1** | **71.1** | **70.9** |

**Note:**

1. PR: Partially revised, P: Provisional
2. The sum of the constituent items may not add to the total due to rounding off.

### Table 2: Composition of International Financial Assets and Liabilities of India

(per cent)

| Period | Jun-22 (PR) | Sep-22 (PR) | Dec-22 (PR) | Mar-23 (PR) | Jun-23 (P) |
|---|---|---|---|---|---|
| **A. Assets** | | | | | |
| 1. Direct Investment | 24.0 | 25.7 | 25.4 | 25.0 | 24.6 |
| 2. Portfolio Investment | 1.2 | 1.3 | 1.2 | 1.2 | 1.2 |
| 3. Other Investment | 8.7 | 10.1 | 9.1 | 9.7 | 10.0 |
| 4. Reserve Assets | 66.1 | 62.9 | 64.3 | 64.1 | 64.2 |
| **Total** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |
| **B. Liabilities** | | | | | |
| 1. Direct Investment | 41.5 | 41.4 | 40.9 | 41.2 | 40.7 |
| 2. Portfolio Investment | 19.6 | 19.8 | 19.5 | 19.2 | 19.8 |
| 3. Other Investment | 38.9 | 38.8 | 39.6 | 39.6 | 39.5 |
| **Total** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

### Table 3: Share of External Debt and Non-Debt Liabilities of India

(per cent)

| Period | Jun-22 (PR) | Sep-22 (PR) | Dec-22 (PR) | Mar-23 (PR) | Jun-23 (P) |
|---|---|---|---|---|---|
| **Non-Debt Liabilities** | 50.1 | 50.2 | 49.8 | 49.8 | 50.1 |
| **Debt Liabilities** | 49.9 | 49.8 | 50.2 | 50.2 | 49.9 |
| **Total** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |